तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026

13 इंद्रावती एनीकेट की मरम्मत के लिए किसानों को खुद उठाना पड़ा फावड़ा



14 होली मिलन बना सामाजिक एकजुटता का मंच





## खबर संक्षेप

### अवैध व्यापार को रोकने मंडी के बेरियर में वाहनों की कर रहे तलाशी



**जगदलपुर।** अवैध व्यापार धान और अन्य उपजों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए, मंडी के बेरियर (नाकों) पर कृषि उपज मंडी के कर्मचारी सक्रिय हैं। इन चेकिंग अभियानों में संदेहास्पद वाहनों की अनिवार्य तलाशी ली जा रही है, और बिचौलियों द्वारा अवैध परिवहन को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी की जा रही है। कर्मचारी अंतर्राज्यीय चेकपोस्टों पर वाहनों की गहन तलाशी ले रही हैं। अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर वाहनों को जब्त की जाएगी। अवैध व्यापारा मिलने पर प्रकरणों को छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किया जाएगा। कड़ी निगरानी को लेकर व्यापारियों एवं वाहन चालकों में खासी नाराजगी है। मंडी के निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार ने बताया कि कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध व्यापार को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई है, जिसके लिए मंडी प्रशासन ने धनपूंजी बेरियर में कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

### त्वरण योजना के तहत बैंकर्स इन्वेस्टर मीट संपन्न

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण और क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा हॉल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम प्रदर्शन संवर्धन एवं त्वरण योजना के अंतर्गत बैंकर्स इन्वेस्टर मीट समन्वय बैठक एवं कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उद्योग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक अजित सुंदर बिलुंग ने उपस्थित लीड बैंक प्रबंधक, बैंक प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं हितग्राहियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने इस विशेष योजना के उद्देश्यों और इसके अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए जिले में स्थापित किए जा सकने वाले संभावित उद्योगों पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यशाला का मुख्य लक्ष्य नए उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के दौरान आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों पर विचार-विमर्श कर उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

### कोड़ेनार बना ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम

**जगदलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन और निरंतर जन-संवाद के सार्थक परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं, जिसके फलस्वरूप जनपद पंचायत बास्तानार की ग्राम पंचायत कोड़ेनार ने ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम होने का गौरव हासिल किया है। इस परिवर्तन की नींव गांव की उन बुनियादी समस्याओं के समाधान से रखी गई, जहां बाजार और घरों से निकलने वाले कचरे के कारण ग्रामीण लंबे समय से परेशान थे। चूंकि स्वच्छता का सीधा संबंध खान-पान से होता है और दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं बाजार से आती हैं, इसलिए गांव को स्वच्छ बनाने की मुहिम की प्रभावी शुरूआत भी बाजारों से ही की गई। खुले में कचरा फेंकने की इस प्रवृत्ति को जड़ से खत्म करने के लिए प्रशासन ने सीधा मोर्चा संभाला, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बास्तानार सहित ब्लॉक और कलस्टर समन्वयकों ने स्वयं मौजूद रहकर ग्रामीणों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं से निरंतर संवाद स्थापित किया।

# जननायक बलीराम की जयंती पर भाजपा ने किया पुण्य स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के माटी पुत्र, जननायक और पूर्व सांसद बलीराम कश्यप की जयंती के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा उनका पुण्य स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सिरहासार चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंहदेव ने माल्यार्पण कर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया और बस्तर के विकास में उनके योगदान को याद किया।

देव ने कहा कि बलीराम कश्यप बस्तर के जननायक थे और उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने बस्तर के विकास की सुदृढ़ नींव रखी और जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक के रूप में बलीराम कश्यप ने शिक्षा की अलख को बस्तर के दूरस्थ अंचलों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बलीराम कश्यप के विचार, कार्य और जनसेवा का भाव आज भी समाज और कार्यकर्ताओं को प्रेरित करता है। उनके द्वारा बस्तर के विकास और जनजातीय समाज के उत्थान के लिए किए गए प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान दादा बलीराम कश्यप के जेष्ठ पुत्र व पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, महापौर संजय पाण्डेय, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर लिया प्रेरणा का संकल्प**





**जनसेवा और विकास की विरासत**

पूर्व सांसद बलीराम कश्यप को बस्तर क्षेत्र में जननायक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में बस्तर के विकास, जनजातीय समाज के उत्थान और शिक्षा के प्रसार के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनके नेतृत्व और समर्पण के कारण बस्तर क्षेत्र में विकास की नई दिशा मिली। आज भी उनके विचार और कार्यशैली जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं, जो समाज और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

## फुलबानी में एडीजी ओडिशा के सामने किया आत्मसमर्पण

# ओडिशा के कंधमाल में 55 लाख का इनामी स्टेट कमेटी मेंबर समेत 10 ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बुधवार का दिन नक्सल संगठन के लिए एक के बाद एक झटके लेकर आया। छग के बस्तर में जहां करोड़ों के इनामी 108 नक्सलियों ने समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हुए। वहीं पड़ोसी राज्य ओडिशा में भी डेढ़ करोड़ से अधिक के इनामी 10 नक्सलियों ने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में 55 लाख का इनामी स्टेट कमेटी मेंबर सानू पोट्टम भी शामिल है।

- सरेंडर करने वाले इन नक्सलियों पर 1.65 करोड़ रुपए का इनाम था घोषित

ओडिशा के कंधमाल में माओवाद को बड़ा झटका लगा है, यहां 1 करोड़ 65 लाख 62 हजार के इनामी 10 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। ओडिशा के कंधमाल जिला में माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। राज्य समिति के सदस्य सानू पोट्टम उर्फ नीतू सहित 10 माओवादियों ने फुलबानी में एडीजी नक्सल ऑपरेशंस ओडिशा के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।



### वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ बड़ी सफलता

पुलिस के अनुसार ये सभी माओवादी केकेबीएन डिविजन में सक्रिय थे और लंबे समय से नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे हैं। सुरक्षा बलों के लगातार अभियान और बढ़ते दबाव के चलते उन्होंने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। ओडिशा पुलिस ने इसे वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ बड़ी सफलता बताया है। पुलिस ने अन्य नक्सलियों से भी अपील की है कि वे हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हों और सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ उठाएं। ओडिशा राज्य में नक्सलवाद के खात्मे के लिए नक्सल मुक्त ओडिशा मिशन के तहत सुरक्षा बलों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा हैं।

### हथियार भी सौंपे

सरेंडर करने वाले इन नक्सलियों पर कुल मिलाकर डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक का इनाम घोषित था। इनमें सबसे बड़ा इनामी नक्सली सानू पोट्टम उर्फ नीतू है जिस पर 55 लाख रुपए का इनाम था। आत्मसमर्पण के दौरान नक्सलियों ने पुलिस को 10 हथियार भी सौंपे है और सभी नक्सली छग के बस्तर इलाके के बताए जा रहे है।

# डॉग ने 1400 लोगों को काटा, लोग दहशत में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक है। शासकीय महारानी अस्पताल में रोज लगभग 45 से 50 डॉग बाइट के केस आ रहे हैं, ऐसे में स्थानीय लोग दहशत में हैं। बताया जा रहा है कि 10 महीने में 1400 डॉग बाइट हुए, जो लावारिस कुत्तों के काटने से 5 और पालतू कुत्तों के काटने से 3 रैबिज का इंजेक्शन लगा रहे हैं। डॉग बाइट का इंजेक्शन लगाने वाले अस्पताल पहुंचे मरीज ने बताया कि स्कूल आते-जाते बच्चों और बुजुर्गों पर कुत्ते ज्यादा हमला करते हैं। कई बार कुत्तों की वजह से सड़क हादसे भी हो जाते हैं। कुत्तों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिससे आम लोगों का राह चलना मुश्किल हो गया है। शहर के सभी चौक-चौराहा पर आवारा कुत्तों का झुंड देखने को मिलता है, कई बार कुत्तों का झुंड आते-जाते राहगीरों पर हमला भी कर देता है। बताया जा रहा है कि शहर में कुत्तों के बढ़ते आतंक को देखते हुए लोग परेशान हैं, पर अब तक कोई ध्यान नहीं किया जा रहा है।

- रोज 45-50 डॉग बाइट से पीड़ित अस्पताल में पहुंचकर लगा रहे रेबिज इंजेक्शन

### एंटी रेबीज पर्याप्त : डॉ. प्रसाद

जिला शासकीय महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद बताते हैं कि अस्पताल में टीका भंडार में एंटी रेबीज पर्याप्त है। अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 45 से 50 डॉग बाइट के केस आ रहे हैं। हालांकि अब तक डॉग बाइट से मौत नहीं और मरीज अस्पताल में भर्ती नहीं है।

# शहर विकास के 23 प्रस्तावों को मिली मंजूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम जगदलपुर में आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में शहर के विकास से जुड़े 23 महत्वपूर्ण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में दो जारी निविदा कार्यों के प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने की अनुशंसा की गई। इसके साथ ही विभिन्न विभागों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा कर 12 कार्य लोक निर्माण विभाग, 4 कार्य राजस्व एवं बाजार विभाग, 4 कार्य जल प्रदाय शाखा तथा 1 कार्य वाहन शाखा से संबंधित प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।

बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और नागरिक सुविधाओं को बेहतर करने पर विशेष जोर दिया गया। संजय बाजार की 5 दुकानों, नया बस स्टैंड परिसर की एक दुकान, पं. दीनदयाल उपाध्याय व्यवसायिक परिसर (बैलाकोठ कॉम्पलेक्स) की एक दुकान तथा ईतवारी बाजार की 2 दुकानों पर प्राप्त निविदा की अधिकतम दरों को स्वीकृति दी गई। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत लाल चर्च से नगर निगम बस स्टैंड रोड तक, नयामुंडा रोड से साकेत कॉलोनी तक, डीजे कोर्ट से चांदनी चौक होते हुए सिटी ग्राउंड तक,पुराना पंचायत कार्यालय से डॉ.पाढ़ी हाउस वार्ड क्रमांक 36 छत्रपति शिवाजी वार्ड तक तथा माता गुड़ी से एमपीएम हॉस्पिटल तक सड़क चौड़ीकरण कार्यों की अनुशंसा की गई।

- सड़क चौड़ीकरण से सुधरेगा यातायात, व्यापार को भी मिलेगा बढ़ावा

इन सड़क चौड़ीकरण कार्यों के पूरा होने से शहर में यातायात जाम की समस्या में कमी आने की उम्मीद है। साथ ही नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। जल प्रदाय शाखा के अंतर्गत कई वार्डों में अवैध नल कनेक्शनों को नियमानुसार जुर्माना लेकर वैध करने की अनुशंसा की गई है। इसके साथ ही नालियों से लगी पाइप लाइनों को ऊपर उठाने तथा जर्जर और क्षतिग्रस्त ▶▶| शेष पेज 12 पर

**शहर के विकास को दी जा रही प्राथमिकता**

नगर निगम का लक्ष्य शहर के समग्र विकास के साथ नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मेयर इन काउंसिल की बैठक में लिए गए निर्णयों से सड़क, जल व्यवस्था और बाजार प्रबंधन से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी। सड़क चौड़ीकरण से यातायात सुगम होगा, जल प्रदाय व्यवस्था में सुधार से नागरिकों को नियमित पानी मिलेगा और बाजारों में दुकानों की स्वीकृति से व्यापारिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। निगम प्रशासन का मानना है कि इन निर्णयों के लागू होने से आने वाले समय में शहर के आधारभूत ढांचे में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

# पोस्ट बजट वेबिनार से जुड़े विश्वविद्यालय के विद्यार्थी



**जगदलपुर।** केंद्र सरकार द्वारा यूनियन बजट 2026-27 में घोषित योजनाओं और नीतियों पर चर्चा के लिए सोमवार को पोस्ट बजट वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन सभागार में स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे विद्यार्थियों और शिक्षकों ने ध्यानपूर्वक सुना। वेबिनार में शामिल होने के लिए कई विद्यार्थी और प्राध्यापक अपने मोबाइल फोन के माध्यम से वेब लिंक से भी जुड़े और कार्यक्रम का लाभ उठाया। इस दौरान प्रधानमंत्री के उद्बोधन के साथ-साथ बजट में शिक्षा, कौशल विकास और युवाओं के लिए प्रस्तावित योजनाओं की ▶▶| शेष पेज 12 पर

# इंदिरा वार्ड में हफ्तेभर बाद दूर हुआ जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर।

शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा वार्ड क्रमांक 16 में बीते एक सप्ताह से पेयजल संकट से जूझ रहे वार्डवासियों को सोमवार को राहत मिली। नलों में पानी नहीं आने से क्षेत्र के कई परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन पाइप लाइन में आई तकनीकी खराबी को सुधारने के बाद अब घरों तक पानी की आपूर्ति फिर से शुरू हो गई है।

- टैंकर से की गई पानी की आपूर्ति,फिर मिला स्थायी समाधान



गर्मी के मौसम में उत्पन्न इस जलसंकट के कारण क्षेत्र के लोगों को काफी कठिनाई उठानी पड़ रही थी। वार्ड में लगातार प्रयास कर समस्या के समाधान के लिए पहल की जा रही थी। भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पाइप लाइन की जांच और मरम्मत का कार्य किया गया,जिसके बाद सोमवार को पाइप लाइन की खराबी दूर कर दी गई। इसके बाद क्षेत्र के घरों में पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से शुरू हो गई, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली।

जानकारी के अनुसार महावीर भवन के सामने स्थित कई घरों में पिछले कई दिनों से पानी नहीं आ रहा था। समस्या की जानकारी मिलने के बाद पाइप लाइन की लगातार जांच की गई। अंततः अंजुमन स्कूल के सामने बिछी पाइप लाइन की जांच के दौरान खराबी का पता चला और उसे ठीक कर दिया गया। इसके बाद क्षेत्र में जल आपूर्ति बहाल हो गई।

इस दौरान नगर निगम और संबंधित विभागों को भी समस्या से अवगत कराया गया था, जिसके बाद मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी गई। पाइप लाइन दुरुस्त होने के बाद वार्डवासियों ने राहत की सांस ली।

वार्ड के वरिष्ठ भाजयुमो सदस्य एवं इंदिरा वार्ड पार्षद उपचुनाव के भाजपा के प्रबल दावेदार आनंद झा ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए गए और ▶▶| शेष पेज 12 पर

## समाज जागरण व सनातन परंपराओं के प्रचार पर दिया गया जोर

# हिंदू नववर्ष के स्वागत की तैयारियां तेज, कार्यक्रम की बनी रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आगामी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर मनाए जाने वाले हिंदू नववर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर स्थानीय जगन्नाथ मंदिर में सर्व हिंदू समाज बस्तर की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के सामाजिक एवं धार्मिक गणमान्य सदस्यों ने भाग लेकर कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की।

- जगन्नाथ मंदिर में सर्व हिंदू समाज बस्तर की बैठक सम्पन्न

बैठक में निर्णय लिया गया कि हिंदू नववर्ष के अवसर पर शहर में भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत शोभायात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, धार्मिक अनुष्ठान तथा समाज जागरण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य समाज में भारतीय संस्कृति, परंपरा और सनातन मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि हिंदू नववर्ष केवल तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा के नव जागरण का प्रतीक है। इस अवसर को समाज में उत्साह, एकता और सांस्कृतिक गौरव के साथ मनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम की सफलता के लिए व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई तथा विभिन्न जिम्मेदारियों के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया। ये समितियां आयोजन की व्यवस्था, शोभायात्रा संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालेंगी। अंत में समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हिंदू नववर्ष के कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।



### समाज में सांस्कृतिक जागरण का रहेगा संदेश

हिंदू नववर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में भारतीय संस्कृति, परंपरा और सनातन मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा। शोभायात्रा, धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और मूल्यों से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं।

# कैश की किल्लत से परेशान किसानों ने एनएच पर किया प्रदर्शन

## एसडीएम व पुलिस की समझाइश के बाद खुला चक्काजाम

हरिभुमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

मुख्यालय में स्तिथ जिला सहकारी बैंक में एक बार फिर से कैश की कमी से नाराज होकर किसानों ने बुधवार को नेशनल हाइवे में प्रदर्शन कर चक्काजाम कर दिया। वही फरसगांव एसडीएम और पुलिस की समझाइस के बाद किसान शान्त हुए तब जाकर जाम को खोलवाया गया ।

धान खरीदी पूरी होने के बाद किसानों के खातों में पैसे आ गए हैं, लेकिन बैंक में कैश की कमी होने के कारण किसानों को उन्ही का पैसा उन्हें आवश्यकता अनुसार नहीं पा रहा है। पैसे नहीं मिलने से आक्रोशित किसानों ने फिर एक बार बुधवार को फरसगांव नगर के अस्पताल चौक में नेशनल हाइवे में जमकर प्रदर्शन किया। जिससे रोड में जाम की स्तिथि बन गई । रोड के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत करने के प्रयास में जुट गई। वही फरसगांव एसडीएम अशवन कुमार पुसाम भी पहुचे ।

और किसानों को समझाइस दिए तब जाकर किसान शान्त हुए और प्रदर्शन बंद किया। तब जाकर चक्काजाम खुल पाया । किसानों ने बताया कि हर साल बैंक में नकदी की कमी से किसान जूझते है, उन्हें उन्ही का पैसा समय पर नही मिल पाता है, बावजूद इसके बैंक पर्याप्त नकदी रकम की व्यवस्था नहीं करती जिसका खामियाजा किसानों को हर साल भुगतना पड़ता है।



### दस हजार में लिए 10 घण्टे का इंतजार

किसानों की माने तो उन्हें अपने ही कमाई हुई रकम को पाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। बैंक में किसानों को मात्र 10 हजार रुपये दिया जा रहा है, जिसके लिए किसानों को 10 घण्टे का इंतजार करना पड़ता है। भीड़ को देखते हुए किसान सुबह से ही बैंक पहुच जाते हैं और बैंक खुलने का इंतजार करते हैं। अधिक भीड़ लगने से लोग लाइन में खड़े होकर पैसे निकालने इंतजार करते हैं। कभी कभी तो 10 हजार के लिए किसानों को 10 घण्टे का समय लग जाता है । बैंक में अवस्था का आलम है यह हर वर्ष यही स्थिति निर्मित होती है जिससे परेशान होकर इस बार किसानों को सड़क पर उतरना पड़ा। बैंक में कैस की व्यवस्था और व्यवस्थित ढंग से किसानों को पैसा दिया जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का किया त्रैमासिक निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को कोंडागांव स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान स्ट्रांग रूम को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया और अंदर रखी मशीनों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी की भी जांच की, ताकि ईवीएम की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 12 व13 मार्च को

**कोण्डागांव।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीणों की मांगों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। पहला शिविर 12 मार्च को सुबह 10 बजे से कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम बड़ेबेंदरी में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे।इसी क्रम में 13 मार्च को सुबह 10 बजे से कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम मटवाल में दूसरा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं रखें और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

### 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने जिला अस्पताल में मनाया स्वैच्छिक रक्तदान दिवस

**कोण्डागांव।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 06 मार्च से 10 मार्च 2026 तक रक्तदान शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा जिला अस्पताल कोण्डागांव में स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन किया गया। कमाण्डेंट भवेश चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में 188वीं वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कार्यक्रम के लिए जिला अस्पताल के चिकित्सकों से समन्वय स्थापित कर शिविर का आयोजन किया गया। कमाण्डेंट भवेश चौधरी ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर सुरक्षित और सुलभ रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और आपका दिया हुआ रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है।

## 16 मार्च से शुरू होंगी कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षाएं

# प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक वार्षिक परीक्षा की तैयारियों को लेकर बीआरसी में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा 2025 के सुचारु संचालन को लेकर मंगलवार 10 मार्च को स्थानीय बीआरसी कार्यालय कोंडागांव में संकुल प्राचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा संचालन, मूल्यांकन प्रक्रिया और अन्यनिक कार्यों पर विस्तृत दिशा–निर्देश दिए गए।

बैठक की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री भोयर ने की। इस अवसर पर नोडल अधिकारी बृज कोर्राम तथा सहायक नोडल अधिकारी अशोक कुमार साहू भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने परीक्षा की संपूर्ण रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संकुल प्राचार्यों को उनकी जिम्मेदारियों और कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाएँ 16 और 17 मार्च से प्रारंभ होंगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए केंद्र अध्यक्षों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए तथा परीक्षा प्रपत्रों को सही तरीके से भरने के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



### अन्य प्रशासनिक कार्यों की भी हुई समीक्षा

परीक्षा संबंधी चर्चा के बाद बैठक में शिक्षा विभाग से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसमें अपार आईडी, यू–डाइस, शाला भवनों की मरम्मत, जाति प्रमाण पत्र, उल्लास नवभारत साक्षर कार्यक्रम, शौचालय निर्माण, छात्रवृत्ति वितरण तथा अन्य विभागीय योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। अधिकारियों ने सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया।

### 30 मार्च से शुरू होगा मूल्यांकन कार्य

अधिकारियों ने बताया कि उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 30 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। मूल्यांकन कार्य को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों और शिक्षकों को सावधानीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान प्राचार्य एन.के. नायक एवं संजय राठौर ने अपने पूर्व अनुभव साझा करते हुए परीक्षा के दौरान होने वाली सामान्य मानवीय भूलों और तकनीकी त्रुटियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी प्राचार्यों को सतर्कता बरतने और परीक्षा प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने की सलाह दी।

# डीएफओ पर खराब रवैये का लगाया आरोप



**फरसगांव/कोंडागांव।** वनमंडल कोंडागांव के मैदानी वन कर्मचारियों ने वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह पर अनावश्यक दबाव और तानाशाही रवैये का आरोप लगाते हुए बुधवार को सरगी गार्डन से डीएफओ कार्यालय तक रैली निकाली। कर्मचारियों ने बताया कि फील्ड में कठिन परिस्थितियों में काम करने के बावजूद वेतन रोकने, सीआर खराब करने और स्थानांतरण की धमकी दी जा रही है, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी है।

वन कर्मियों का कहना है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं सुना जा रहा और किसी भी समय मोबाइल पर लाइव लोकेशन मांगकर निगरानी रखी जा रही है। कर्मचारियों ने बताया कि होली से पहले बैठक कर समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक बैठक नहीं हुई।

### नाराज कर्मचारियों ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि घंटों इंतजार के बावजूद डीएफओ ज्ञापन लेने अपने कार्यालय के बाहर भी नहीं आए, जिससे कर्मचारियों में गहरा आक्रोश बढ़ गया है। नाराज कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो बीट बस्ता जमा कर कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ प्रांतीय पदाधिकारी सुशीला नेताम, मंडल अध्यक्ष चंदन सेठिया, मंडल उपाध्यक्ष अजय कुमार नाग सहित क्षेत्र के डिप्टी रेंजर, बीट गार्ड व बड़ी संख्या में वनकर्मी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की महत्वाकांकनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाया जाए तथा निर्माण कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

बैठक में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रधानमंत्री राहत योजना के क्रियान्वयन पर विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दुर्घटनाओं की ऑनलाइन प्रविष्टि पोर्टल के माध्यम से दर्ज करने तथा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को पोर्टल में दर्ज मामलों पर नियमित लॉगिन कर त्वरित कार्रवाई करने को कहा।

■ पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

### ई–ऑफिस और ऑनलाइन व्यवस्था पर दिया जोर

बैठक में ई–ऑफिस, ऑनलाइन उपस्थिति और ईएचआरएमएस के प्रभावी संचालन पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को इन प्रणालियों का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**ग्रीष्मकाल के लिए पेयजल व्यवस्था की तैयारी :** कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल की सुचारू व्यवस्था के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने, मध्यान्ह भोजन योजना के समुचित संचालन तथा धान उठाव के कार्यों में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में डीएफओ चूड़ामणि सिंह, दिव्या गौतम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोंडागांव में बलिराम की जयंती पर मिष्ठान वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

बस्तर की राजनीति के पुरोधा और जनजातीय समाज के प्रेरणास्रोत बलिराम कश्यप की जन्म जयंती के अवसर पर ग्राम देवी सीतला माता मंदिर, कोंडागांव में श्रद्धा और उत्साह के साथ मिष्ठान्न वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ देवी सीतला माता की विधिवत पूजा–अर्चना से हुई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मंदिर में माथा टेककर प्रदेश और क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्रद्धेय बलिराम कश्यप के आदर्शोंर् को स्मरण करते हुए लोगों के बीच मिष्ठान्न वितरण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बलिराम कश्यप ने अपना पूरा जीवन बस्तर और जनजातीय समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उनका सादा जीवन, जनसेवा के प्रति समर्पण और क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष आज भी सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



**बलिराम दादा अमर रहें के नारों से गूंजा वातावरण :** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने बलिराम दादा अमर रहें के नारों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नारों से पूरा वातावरण श्रद्धा और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि बलिराम कश्यप के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, गोपाल दीक्षित, ओमप्रकाश टावरी, जितेंद्र सुराना, बालसिंह बघेल, प्रदीप नाग, नागेश देवांगन, शीतल पटेल, अमिताभ बोस, राजेश निर्मलकर, धन्सुदास, गोविंद रामटेके, आकाश दास, मयंक भोंसले सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### अंतर विश्वविद्यालयीन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का कलेक्टर ने किया सम्मान

**कोण्डागांव।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के उन विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, जिन्होंने अंतर विश्वविद्यालयीन खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कलेक्टर ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अंतर विश्वविद्यालयीन पूर्व जोनध्दक्षिण पूर्व जोन खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विभिन्न खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। शतरंज विपुल वासनिकर, फुटबॉल हिमांशु उसेंडी, राजेश कोर्राम, कबड्डी देवंतीन नेताम, बास्केटबॉल सुशांत नेताम, मोना दुग्गा, चांदनी कोर्राम, टेबल टेनिस परमीन नाग, अंशु तिवारी। इसी प्रकार राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में सुशीला नेताम ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर जिले और महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर रश्मि पोया तथा क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह के दो सदस्य से 51 लाख का गांजा बरामद

**जगदलपुर ।** नशे के सौदागरों के खिलाफ एक बार फिर बोधघाट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से 51 लाख रुपए से अधिक का मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है। यह कार्रवाई एनएच से लगे आड़ावाल रेलवे गेट के करीब की गई।

बोधघाट पुलिस को सूचना मिली थी कि मंगलवार शाम ओडिशा की ओर से गांजा का बड़ा खेप लाया गया है और तस्कर आड़ावाल रेलवे फाटक के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा को बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में प्रशिक्षु डीएसपी सुमित चंद्रा तथा थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा आड़ावाल रेलवे फाटक के पास पहुंचकर नाकाबंदी कर एक संदिग्ध से पूछताछ करने पर वह घबराने लगा तथा भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पकड़कर नाम पता पूछने पर अपना उसने अपना नाम पवन नेताम (29) निवासी डोंगरीपारा ग्राम तुरेनार थाना नगरनार का रहने वाला बताया। उसके पास से अवैध मादक पदार्थ गांजा 2.58 किलो कीमत 1 लाख 29 हजार रुपए व एक मोबाइल बरामद किया गया।



## आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं पर जोर

# सम्पूर्णता अभियान के तहत मना ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन में तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू प्रकाश के मार्गदर्शन में जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत ग्राम_य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

■ 96 प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों में मना स्वास्थ्य दिवस

जानकारी के अनुसार फरवरी माह तक जिले के 96 प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों का वजन मापकर उनके पोषण स्तर की जांच की गई और बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता और हाथ धोने की आदत के बारे में जागरूक किया गया। किशोरी बालिकाओं की एनीमिया जांच की गई तथा गर्भवती महिलाओं को पोषण कार्यक्रम के तहत पंजीकृत हितग्राहियों को टीएचआर टेक होम राशन वितरण और चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।



### कुपोषण कम करने और मातृ स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान

इस अवसर पर बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कुपोषण को कम करने और मातृ स्वास्थ्य में सुधार पर विशेष ध्यान दिया गया। गर्भवती महिलाओं को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहने तथा स्वस्थ संतान के जन्म के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

### विभिन्न विभागों के समन्वय से किया गया आयोजन

सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों के समन्वय से यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, ताकि सभी सेवाएं शत–प्रतिशत हितग्राहियों तक पहुंच सकें।

## पेज 11 के शेष

### शहर विकास के...

पाइपों के बदलीकरण के कार्यों को भी स्वीकृति दी गई, जिससे जल आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा और लीकेज की समस्या कम होगी। बैठक में महापौर संजय पांडे, एमआईसी अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, राणा घोष, त्रिवेणी रंधारी, श्वेता बघेल, योगेन्द्र पाण्डे, संजय विश्वकर्मा, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पोस्ट बजट वेबिनार...

जानकारी भी दी गई। सबका साथ, सबका विकास लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति थीम पर आयोजित इस वेबिनार में शिक्षा, कौशल विकास, पर्यटन, आतिथ्य और आयुष जैसे विषयों से जुड़े चार अलग-अलग ऑनलाइन सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि देश के छोटे-छोटे शहरों और गांवों में भी अपार प्रतिभा मौजूद है, जिसे पहचानने और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। वेबिनार के ब्रेकआउट सत्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ-साथ युवाओं के लिए एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र में कंटेंट क्रिएटर लैब्स स्थापित करने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि इन क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार और नवाचार की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। बताया गया कि इस प्रकार के वेबिनार से विद्यार्थियों को बजट में घोषित योजनाओं और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी मिलती है, जिससे वे अपने करियर और कौशल विकास की दिशा में बेहतर निर्णय ले सकते हैं।

### इंदिरा वार्ड में हफ्तेभर बाद...

अब पाइप लाइन ठीक होने से लोगों को जल संकट से राहत मिल गई है। इस कार्य में नगर निगम के जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों का सहयोग मिला। जल संकट के दौरान वार्ड के प्रभावित क्षेत्रों में तीन पानी के टैंकरों के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई थी। इससे लोगों को अस्थायी राहत मिलती रही। लगातार कई दिनों तक विभागीय कर्मचारियों द्वारा पाइप लाइन की जांच की गई, लेकिन खराबी का पता नहीं चल पा रहा था। अंततः अंजुमन स्कूल के सामने पाइप लाइन की जांच के दौरान फॉल्ट मिलने के बाद उसे ठीक कर दिया गया,जिसके बाद पूरे क्षेत्र में जल आपूर्ति फिर से सामान्य हो गई।

**खबर संक्षेप**

### सकारात्मक सोच व आत्मविश्वास बढ़ाने के बताए गए उपाय



**गीदम।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण वर्तमान संचालित जावंगा गीदम में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 7 मार्च से 11 मार्च तक स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं किशोरावस्था जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय प्रशासन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. सविता रंगराज मेडिकल हेल्थ ऑफिसर द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। इस सत्र में व्यक्तिगत स्वच्छता, दैनिक स्वास्थ्य आदतों के साथ-साथ गुड टच, बैड टच विषय पर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इसके पश्चात 9 मार्च को विद्यालय की स्टाफ नर्स द्वारा स्वास्थ्य परामर्श एवं किशोरावस्था से संबंधित मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया।

### आवास निर्माण में तेजी लाने लगा आवास चौपाल



**बीजापुर।** आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत पेद्दाकोरमा और पापनपाल में आवास चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में आश्रित गांवों के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। चौपाल के दौरान अधिकारियों द्वारा सभी हितग्राहियों को स्वीकृत आवासों का निर्माण समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विशेष परियोजना से संबंधित जिन हितग्राहियों के दस्तावेज लंबित हैं, उनके नाम सचिव द्वारा पढ़कर सुनाए गए और आवश्यक दस्तावेज शीघ्र जमा करने की जानकारी दी गई।

# जनगणना के प्रथम चरण में भवन, मकानों पर नंबर अंकन संबंधी हुई बैठक

हरिभूम न्यूज ▶▶| दरभा



जनपद पंचायत के सभागार मे बुधवार को 2026-27 जनगणना का प्रथम चरण प्रारंभ किया गया है। इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है, जिसमें घर-घर जाकर भवन, मकान नम्बर अंकन, अनुमानित परिवार संख्या, मुखिया का नाम, निवास का स्वरूप आवासीय/अनावासीय सहित अन्य आवश्यक जनगणना संबंधी आंकड़ों का संग्रहण किया जा रहा है। उक्त कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपादित करने के उद्देश्य से एसडीएम शंकर लाल सिन्हा तहसीलदार सुनील धुर्व द्वारा दरभा जनपद पंचायत के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसमें मकान नम्बरिंग की प्रक्रिया, सूचीकरण के दौरान सावधानियां, घर-घर भ्रमण की कार्ययोजना, अभिलेखों की शुद्धता, समय-सीमा के पालन तथा आम नागरिकों से समन्वय बनाकर कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। इसी के साथ ही यह भी बताया गया कि जनगणना कार्य राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसमें सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण निष्ठा, जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में जनगणना कार्य के दौरान आने वाली व्यवहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान पर भी चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। अंत में जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु आपसी समन्वय, अनुशासन एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने को कहा गया। इस दौरान उपयंत्री, पंचायत समन्वयक, ग्रामीण विकास विस्तार अधिकारी, ब्लॉक समन्वयक, समग्र सुरक्षा अधिकारी, आंगनवाड़ी सुपरवाइज़र, पंचायत सचिव एवं सहायक सचिव की उपस्थिति रही।

## सरकार की उदासीनता से नाराज किसान

# इंद्रावती एनीकेट की मरम्मत के लिए किसानों को खुद उठाना पड़ा फावड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



इंद्रावती नदी पर स्थित भोंड एनीकेट की जर्जर स्थिति को लेकर क्षेत्र के किसान लंबे समय से मरम्मत की मांग कर रहे थे, लेकिन जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

प्रशासन की लगातार उदासीनता से नाराज़ होकर अब किसानों ने स्वयं ही एनीकेट की मरम्मत करने का निर्णय लिया है। इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के

■ **किसान चंदा इकट्ठा कर बोरी बंधन का कर रहे कार्य**

नेतृत्व में प्रभावित किसान फावड़ा, तगाड़ी और ट्रैक्टर लेकर एनीकेट स्थल पहुंचे और श्रमदान के माध्यम से बोरी बंधन कर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। जनपद पंचायत सदस्य हेमराज बघेल ने बताया इंद्रावती नदी पर बने एनीकेट की हालत लंबे समय से खराब है, जिसके कारण सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। इससे खेती-किसानी पर गंभीर संकट मंडरा रहा है और पिछले वर्षों में कई किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। किसानों ने कई बार जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग को आवेदन और निवेदन पत्र देकर एनीकेट की मरम्मत कराने की मांग की, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। किसानों का आरोप है कि पहले भी उन्होंने बोरी बंधन कर अस्थायी रूप से एनीकेट को बचाने की कोशिश की थी और प्रशासन से आग्रह किया था कि जल्द से जल्द स्थायी मरम्मत कराई जाए। इसके बावजूद प्रशासन ने किसानों की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया। इसी कारण इस बार किसानों ने फिर से खुद ही एनीकेट की मरम्मत करने का निर्णय लिया। किसानों ने बताया कि इस काम के लिए किसी प्रकार का सरकारी बजट या सहायता उपलब्ध नहीं है, बल्कि किसान स्वयं आपस में चंदा इकट्ठा कर बोरी बंधन का कार्य कर रहे हैं। इंद्रावती नदी के प्रभावित किसानों ने बताया कि पिछले साल भी उन्होंने अपनी आंखों के सामने कई किसानों की फसलें बर्बाद होते हुए देखी हैं। इस साल किसानों को उम्मीद थी कि सरकार और प्रशासन समय रहते एनीकेट की मरम्मत करा देंगे, ताकि सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके। लेकिन जब सरकार और प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं हुई, तो किसानों की उम्मीदें टूट गईं और उन्होंने खुद ही मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। नारायणपाल के निवासी मनीराम बघेल ने बताया कि इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि अब इंद्रावती नदी से प्रभावित किसानों की समस्याओं का समाधान होगा। लेकिन किसानों का आरोप है कि प्राधिकरण का यह पद सिर्फ नाम मात्र का बनकर रह गया है और जमीन पर कोई काम दिखाई नहीं दे रहा है।

इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शरद अवस्थी की चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है। इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने कहा कि सरकार खुद को किसानों की हितैषी बताती है और सुशासन का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। यदि किसान खुद चंदा करके एनीकेट की मरम्मत करने को मजबूर हैं, तो यह सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सुशासन के दौर में किसान खुद अपने संसाधनों से नदी पर बने एनीकेट की मरम्मत कर रहे हैं। इस दौरान इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के सचिव सुभाष कश्यप, मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल, मनी बघेल, बलदेव बघेल, समदू बघेल, डमरू बघेल, युवराज ठाकुर, चंदन ठाकुर, मंबोध बघेल, जग्गू ठाकुर, नेपाल ठाकुर, दिनेश मौर्य, दया बघेल, मनीष ठाकुर, झापू ठाकुर, हिमान ठाकुर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# माताओं की सहभागिता से सजा शिक्षा का आंगन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कन्या आवासीय विद्यालय बीजापुर में जिला स्तरीय अंगना मा शिक्षा एवं माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी एवं पार्षदगण द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर

■ **कन्या आवासीय विद्यालय में अंगना मा शिक्षा व माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम**

पर वरिष्ठ नागरिक के रुप घासीराम नाग विशेष रूप से उपस्थित थे।


कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित माताओं का सम्मान किया गया तथा शिक्षा से जुड़ी अनेक रोचक एवं प्रेरक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एफएलएन बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान मेला भी आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा से संबंधित विभिन्न स्टॉल लगाए गए। सभी अतिथियों और माताओं ने मेले का अवलोकन कर गतिविधियों का आनंद लिया और बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को करीब से समझा।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया एवं जिला परियोजना समन्वयक गुडला शंकर रेड्डी ने उपस्थित माताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में माताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एपीसी विजेंद्र सिंह भदौरिया, बीआरसी राजेश मिश्रा, उमेश्वरी साहू, वसीम खान, रमन झा सहित शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सहायक आयुक्त ने आश्रम-छात्रावासों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग राजीव नाग द्वारा जिले के विभिन्न आश्रम एवं छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थाओं की व्यवस्थाओं, बच्चों की उपस्थिति, भोजन व्यवस्था, साफ-

■ **लापरवाही मिलने पर अधीक्षकों को नोटिस**

सफाई तथा पंजी संधारण का अवलोकन किया गया। इस दौरान जहां कुछ संस्थाओं में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, वहीं कई स्थानों पर लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधीक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

निरीक्षण के दौरान बालक आश्रम बिंजाम में अधीक्षक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। संस्था में स्वीकृत 50 सीटों और 50 प्रवेशित छात्रों के विरुद्ध निरीक्षण के समय मात्र 24 बच्चे उपस्थित मिले, जबकि अनुपस्थित छात्रों का आगंतुक पंजी में कोई उल्लेख नहीं पाया गया। आश्रम में बच्चों के चादर और गद्दे फटे-पुराने पाए गए तथा साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं थी। शिष्यवृत्ती मद से मिलने वाली राशि के उपयोग में भी अनियमितता पाई गई। इस पर अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब सहित कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

3 मार्च को प्री-मैट्रिक अजजा बालक छात्रावास बडेतुमनार के निरीक्षण के दौरान अधीक्षक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। संस्था में स्वीकृत 170 सीट और 240 प्रवेशित छात्रों के बावजूद उपस्थिति बहुत कम पाई गई। परिसर में बिजली बोर्ड और वायरिंग खराब स्थिति में मिले, जबकि अनुरक्षण मद से 40 हजार रुपये की राशि पूर्व में प्रदान की जा चुकी है। साथ ही शिष्यवृत्ति की 15 प्रतिशत राशि से बच्चों को आवश्यक सामग्री प्रदान नहीं किए जाने की बात भी सामने आई। इस लापरवाही पर अधीक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

6 मार्च को किए गए निरीक्षण में एक संस्था में अधीक्षक विजय कुंजाम उपस्थित पाए गए और संस्था में साफ-सफाई की स्थिति पर्याप्त पाई गई। मेस कक्ष व्यवस्थित मिला। अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें और किसी भी छात्र के अस्वस्थ होने पर तत्काल स्वास्थ्य उपचार कराते हुए इसकी सूचना अभिभावकों एवं मंडल संयोजक को दें तथा हेल्थ कार्ड में संबंधित जानकारी दर्ज करें। साथ ही पंजीयों का नियमित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इसी दिन एक अन्य छात्रावास में अधीक्षक लक्ष्मीनाथ नाग उपस्थित पाए गए। स्वीकृत 100 सीटों के विरुद्ध 97 छात्रों की उपस्थिति संतोषजनक रही।

### बीजापुर की 25 ग्राम पंचायतें बाल विवाह मुक्त घोषित

**बीजापुर।** बाल विवाह जैसी कुप्रथा के उन्मूलन की दिशा में जिला बीजापुर ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 10 मार्च 2024 को शुरू किए गए बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के सकारात्मक परिणाम अब जिलों में दिखाई देने लगे हैं। छत्तीसगढ़ शासन ने वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक पूरे प्रदेश को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले की 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिला बीजापुर के 4 विकासखंडों की 25 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया। इन पंचायतों में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्षमता वर्धन, जनजागरूकता अभियान, ग्राम स्तरीय बैठकें, संवाद कार्यक्रम और सामाजिक जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं। इन प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। ग्राम पंचायतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन 25 ग्राम पंचायतों में पिछले दो वर्षों से एक भी बाल विवाह का मामला सामने नहीं आया है और न ही किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हुई है। इसके आधार पर संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव द्वारा इन पंचायतों को 'बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत होने का प्रमाण पत्र जारी किया गया है।

# जिला न्यायालय परिसर में महिलाओं का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्याय सदन में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य ने की।

■ **महिलाओं से संबंधित विभिन्न विधिक अधिकारों की दी जानकारी**

समारोह का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीशगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, लोक अभियोजक, अभियोजन अधिकारी, एलएडीसीएस काउंसिल एवं स्टाफ, न्यायालयीन सुरक्षा तथा चिकित्सीय सेवाओं में सहयोग करने वाले कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य ने उपस्थित नागरिकों को महिलाओं से संबंधित विभिन्न विधिक अधिकारों की जानकारी देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा के महत्व तथा लैंगिक समानता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं को समान अवसर और सम्मान मिलना आवश्यक है।

समारोह के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा महिला न्यायाधीशगण, महिला न्यायालयीन कर्मचारीगण, महिला अधिवक्तागण, महिला लोक अभियोजक, महिला अभियोजन अधिकारी तथा न्यायालयीन सुरक्षा एवं चिकित्सीय सेवाओं में सहयोग देने वाली महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने महिला शिक्षा, समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया। वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, नेतृत्व और समान वेतन जैसे क्षेत्रों में लैंगिक समानता को आगे बढ़ाना है।

# नवनिर्मित भवन से बच्चों की पढ़ाई में और अधिक बढ़ेगी रुचि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर विकासखंड के सुदूर क्षेत्र नियद नेल्लानार गांव पालनार में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। शासकीय प्राथमिक शाला मझारपारा, पालनार के नवनिर्मित विद्यालय भवन का विधिवत उद्‌घाटन ग्राम सरपंच मालती ताती एवं वार्ड पंच सुमित ताती के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर गांव में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीजापुर नागेश्वर निषाद, बीआरसी राजेश मिश्रा, सब इंजीनियर शैलेश वासम, प्रधानाध्यापक राजू पुजारी, विद्यालय के शिक्षक-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। नवीन विद्यालय भवन के निर्माण से अब विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस भवन के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई में और अधिक रुचि बढ़ेगी तथा शिक्षा की गुणवत्ता में भी सकारात्मक सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से अंदरूनी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी और सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। जिन इलाकों में कभी माओवाद के कारण शासकीय योजनाओं का विस्तार कठिन था, वहां अब विकास की नई गाथा लिखी जा रही है।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी व राजनीतिक दलों ने किया ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 11 मार्च को उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने वेयर हाउस की सुरक्षा, वहां स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रखरखाव, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्ही व्ही पीएटी मशीन, सीसी टीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा परिसर की सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं के बारे मे जानकारी लेते अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचन सुपरवाइजर अजय नायक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# बच्चों के सीखने को सरल व प्रभावी बनाने पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर




बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता एफएलएन तथा बहुभाषी शिक्षा एमएलई के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर 11 मार्च को जगदलपुर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भाषा और शिक्षण फाउंडेशन के तत्वाधान से आयोजित की गई, जिसमें विकासखंड स्तर के शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बलीराम कश्यप जिला शिक्षा अधिकारी तथा अशोक पांडे डीएमसी उपस्थित रहे। कार्यशाला में बीईओ, एबीईओ, बीआरसी सहित एलएलएफ के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान एफएलएन के लक्ष्यों, प्रारंभिक कक्षाओं में भाषा अधिगम को मजबूत बनाने तथा बहुभाषी शिक्षा के माध्यम से बच्चों के सीखने को सरल एवं प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथियों ने कहा कि प्रारंभिक कक्षाओं में मजबूत आधार तैयार करना बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए सभी शैक्षणिक अधिकारियों एवं शिक्षकों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। कार्यशाला में एलएलएफ के विशेषज्ञों द्वारा भी एफएलएन एवं एमएलई से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया गया। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को शिक्षा की गुणवत्ता सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।



## खबर संक्षेप

### बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा



**जगदलपुर।** छग विधिक सेवा समिति कि बैठक शहीद पार्क में प्रांतीय उपाध्यक्ष गोपेन्द्र शार्दुल कि अध्यक्षता व प्रांतीय महासचिव सूरज निर्मलकर, संभागीय अध्यक्ष केदारनाथ शर्मा के मार्ग दर्शन में आहूत किया गया। जिसमें अध्यक्ष ने न्यायालयीन प्रकरणों की प्रगति, आगामी दिनों कि कार्यक्रम कि रणनीति बनाने और संगठन विस्तार सहित ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित करने के दायित्वों पर चर्चा हुई। आभार प्रदर्शन प्रांतीय महासचिव सूरज निर्मलकर ने किया।

### नुक्कड़ नाटक से दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश



**जगदलपुर।** कुम्हरावंड स्थित शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण अंचल में महिलाओं के बीच शिक्षा के प्रति अलख जगाने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अत्यंत प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया, जिसके माध्यम से उन्होंने गाँव की महिलाओं को शिक्षा के महत्व से रूबरू कराया और बेटियों को शिक्षित करने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आरएस नेताम उपस्थित रहे, जिनके मार्गदर्शन में छात्रों ने सामाजिक जागरूकता का यह अभियान चलाया। कार्यक्रम की सफलता में मातृ शक्ति के रूप में डॉ. सोनाली कर के साथ-साथ डॉ. पदमाक्षी ठाकुर, डॉ. चेतना खांडेकर, डॉ. विनीता पांडेय, डॉ. गुंजा ठाकुर, सोमा बंछोर, शालिनी मिश्रा और ऋचा धुरंधर ने अपनी विशेष भागीदारी सुनिश्चित की। इन महिला विशेषज्ञों ने ग्रामीण परिवेश में महिलाओं के अधिकारों और उनकी प्रगति पर जोर दिया।
इस अवसर पर डॉ. एके ठाकुर ,डॉ. आरआर कंवर ,डॉ. पीके सलाम और एमबी तिवारी सहित महाविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# तेंदूपत्ता परिवहन में पारदर्शिता लाने के लिए वन विभाग की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य शासन की नवीन तेंदूपत्ता नीति 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में वन विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वर्ष 2026 के तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन के दौरान बोरों के सुगम और पारदर्शी परिवहन के लिए इस बार जेम पोर्टल के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को जगदलपुर वन वृत्त कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें वन वृत्त में समाहित जिलों बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और जगदलपुर के परिवहन ठेकेदारों को आमंत्रित कर नई व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक आलोक कुमार तिवारी ने उपस्थित ट्रांसपोर्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग का मुख्य उद्देश्य तेंदूपत्ता परिवहन कार्य में पूर्ण पारदर्शिता, समयबद्धता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा प्रक्रिया अपनाने से न केवल व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि कार्यप्रणाली भी अधिक विश्वसनीय बनेगी। बैठक के दौरान मुख्य वन संरक्षक तिवारी ने ठेकेदारों द्वारा उठाई गई विभिन्न तकनीकी समस्याओं और शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया, ताकि आगामी सीजन के दौरान परिवहन कार्य में किसी भी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न न हो।

### अब जेम पोर्टल के जरिए होगी निविदा प्रक्रिया



#### निविदा शर्तों और नियमों पर चर्चा

बैठक में उपस्थित उप प्रबंधक गुलशन कुमार साहू और अन्य विभागीय कर्मचारियों ने भी नई नीति के अंतर्गत आने वाली निविदा शर्तों और नियमों पर चर्चा की। वन विभाग द्वारा सभी परिवहन ठेकेदारों से आग्रह किया गया है कि वे आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यम को अपनाते हुए जेम पोर्टल पर सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि आगामी वर्ष में तेंदूपत्ता संग्रहण के बाद उनके उठाव और परिवहन की प्रक्रिया पहले से अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संपन्न हो सकेगी।

## बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के आयोजन में जुटे विभिन्न समाजों के लोग

# होली मिलन बना सामाजिक एकजुटता का मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर के बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज भवन में बुधवार को आयोजित होली मिलन समारोह सामाजिक एकजुटता और बस्तरिया अस्मिता के संदेश का मंच बन गया। इस अवसर पर

- संरक्षक कुमार जयदेव ने कहा बस्तरिया समाज को संगठित रखना समय की आवश्यकता



ब्राह्मण, उत्कल, सेठिया, शौडिक, 360 घर ब्राह्मण, जैन सहित यादव, साहू, देवांगन, तेलुगु समाज समेत विभिन्न समाजों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम इस बार सर्वसमाज की भागीदारी से अधिक भव्य और व्यापक स्वरूप में दिखाई दिया। कार्यक्रम में रंगारंग गीत-संगीत के साथ स्वल्पाहार और सामूहिक मिलन का वातावरण रहा।

कार्यक्रम में बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के संरक्षक कुमार जयदेव ने कहा कि होली मिलन केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाजों के बीच संवाद और एकजुटता का अवसर है। उन्होंने कहा कि बस्तर की माटी, जल-जंगल-जमीन पर सबसे पहला अधिकार यहां के मूल निवासी आदिवासी समाज का है और उनके सम्मान व अधिकारों की रक्षा सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग बस्तर के आदिवासियों के हितों के खिलाफ खड़े होते हैं या दुर्दांत नक्सली हिड़मा जैसे तत्वों का समर्थन करते हैं, वे वास्तव में बस्तर और यहां के आदिवासी समाज के विरोधी हैं।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाजों के बीच संवाद और सौहार्द बढ़ता है तथा बस्तर की साझा संस्कृति और परंपराओं को मजबूती मिलती है। समारोह में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष योगेश ठाकुर ने बताया कि समाज द्वारा प्रतिवर्ष होली मिलन समारोह आयोजित किया जाता है,लेकिन इस वर्ष संरक्षक कुमार जयदेव के मार्गदर्शन में इसे सर्वसमाज का आयोजन बनाया गया,जिससे इसकी भव्यता और बढ़ गई। उन्होंने बताया कि आगामी नवरात्रि पर्व पर समाज द्वारा जगराता और जसगीत कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में विजित देव सहित बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से आए समाज के लोग और दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

#### बस्तरिया समाज को एकजुट करने की पहल

होली मिलन समारोह को इस वर्ष केवल पारंपरिक आयोजन के रूप में नहीं बल्कि बस्तरिया समाज को एक मंच पर लाने की पहल के रूप में देखा गया। विभिन्न समाजों की बड़ी भागीदारी ने यह संदेश दिया कि बस्तर की सामाजिक शक्ति उसकी एकता में निहित है। आयोजन में शामिल लोगों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बस्तर की साझा संस्कृति, आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं तथा क्षेत्र की पहचान और अस्मिता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## झूलेलाल जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य वाहन रैली और शोभायात्रा



**जगदलपुर।** सिंधी समाज के ईष्टदेव साईं झूलेलाल के अवतरण दिवस चेटीचंड पर्व को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। हिंदू नववर्ष,चैत्र नवरात्रि और मराठी नववर्ष गुड़ी पड़वा के साथ मनाए जाने वाले इस पर्व पर सिंधी समाज द्वारा विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में सिंधी गुरुद्वारा में समाज की बैठक आयोजित कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। निर्णय अनुसार 14 मार्च से गुरुद्वारा में श्री गुरुग्रंथ पाठ साहिब का आरंभ होगा। वहीं 19 मार्च की शाम सिंधु भवन में भजन-कीर्तन और भक्ति संगीत संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें धमतरी से आए भजन गायक हितेश जग्यासी और रोशनी जग्यासी भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। समाज अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया 20 मार्च को झूलेलाल जन्मोत्सव के दिन सुबह 9:30 बजे सिंधी गुरुद्वारा से भगवा वेश में समाज के सदस्य, युवा मंडल और महिला विंग के साथ दुपहिया वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके बाद गुरुद्वारा में भक्ति संगीत, श्री गुरुग्रंथ पाठ साहिब की समाप्ति,अरदास,पल्लव और प्रसादी वितरण होगा। दोपहर में सिंधु भवन में आम लंगर का आयोजन भी किया जाएगा। शाम को सिंधी गुरुद्वारा से साईं झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें समाज के सदस्य छेज नृत्य करते हुए जयघोष के साथ शामिल होंगे।

# नवनीत को सुरक्षा देने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग में लगातार जनमुद्दो को लेकर जमीनी स्तर पर सक्रिय बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर संभाग

- मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने सौंपा ज्ञापन



अध्यक्ष नवनीत चांद की सुरक्षा को लेकर लगातार चिंतित चित्रकूट विधानसभा के मंडल अध्यक्षों ने अनुविभागीय अधिकारी को रिमाइंडर ज्ञापन सौंपा गया। वही ग्रामीण जिला महामंत्री संतु कश्यप ने कहा कि बस्तर में राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में लगातार सक्रिय एवं बस्तर के हर विषय मुद्दों पर मुखर होकर अपनी बात कहने वाले नवनीत मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक हैं एवं वे राजनीतिक पार्टी जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष जो बस्तर के विभिन्न जिलों मैं सक्रिय है।
ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में बस्तर के ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक एवं धार्मिक तनाव की स्थिति भी देखी जा रही है। ऐसे संवेदनशील माहौल में जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहने वाले नेता की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस दौरान बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जें के पदाधिकारी कोसा उपाध्याय, पाकलू कश्यप, शिव राम कश्यप, कमलू कश्यप, अनिल मांडवी, मांझी, अनिल कश्यप, सूरज कश्यप एवं कुंवर मांडवी उपस्थित रहे।

# इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण को मिला नया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त उपाध्यक्ष शरद अवस्थी ने विधानसभा कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से

- नवनियुक्त उपाध्यक्ष शरद अवस्थी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



सौजन्य मुलाकात कर अपनी नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश नेतृत्व द्वारा जताए गए विश्वास के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है,उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे।

मुलाकात के दौरान बस्तर अंचल के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। शरद अवस्थी ने कहा कि इंद्रावती बेसिन क्षेत्र बस्तर के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां के जल संसाधनों का बेहतर उपयोग,कृषि विकास को प्रोत्साहन,सिंचाई सुविधाओं का विस्तार तथा क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण के माध्यम से योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इंद्रावती नदी और उससे जुड़े क्षेत्रों के संरक्षण तथा विकास के लिए ठोस पहल की जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी शरद अवस्थी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार बस्तर अंचल के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के माध्यम से जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन होगा और इससे कृषि,सिंचाई तथा क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि प्राधिकरण के प्रयासों से बस्तर क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा और क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। मुलाकात के दौरान वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक धरमलाल कौशिक तथा विधायक अनुज शर्मा भी उपस्थित रहे।

# बस्तर के युवाओं के सपनों को मिलेगी नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के युवाओं में नवाचार और उद्यमिता की भावना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा हॉल में एक

- स्टार्टअप कार्यशाला का आयोजन



विशेष स्टार्टअप कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कार्यालय के प्रबंधक सौम्य रंजन मांझी ने शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों, अधिकारियों और उपस्थित हितग्राहियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्यशाला का मुख्य लक्ष्य युवाओं के भीतर छिपे अभिनव विचारों की पहचान करना और उन्हें एक सफल स्टार्टअप के रूप में स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

कार्यशाला के दौरान डॉ. तुलिका शर्मा ने स्टार्टअप की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे कम संसाधनों और नई तकनीक के माध्यम से नवाचार किया जा सकता है। उन्होंने बस्तर क्षेत्र में मौजूद स्टार्टअप के संभावित अवसरों और सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए युवाओं को आइडिया से स्टार्टअप तक पहुँचने का मार्ग दिखाया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ. रश्मि देवांगन ने इनोवेशन महाकुंभ के महत्व को साझा किया, जो युवाओं को अपनी नई सोच के साथ रोजगार और उद्यम शुरू करने के लिए सक्षम बनाता है। उन्होंने विशेष रूप से आगामी 17 और 18 मार्च को आयोजित होने वाले इस बड़े आयोजन के लिए सभी युवाओं को अपना पंजीयन कराने हेतु प्रेरित किया।

युवाओं को तकनीकी मार्गदर्शन देते हुए इनक्युबेशन सेंटर के माध्यम से स्टार्टअप शुरू करने की प्रक्रिया समझाई गई, ताकि वे अपने नवाचारों को व्यावसायिक रूप दे सकें. इसके साथ ही आईटीआई आड़ावाल के प्राचार्य श्री परमेश्वर इड़पाचे ने स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने और शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए युवाओं का उत्साहवर्धन किया, जबकि आरसेटी संचालक श्री किरण ने उद्यमिता से जुड़े प्रशिक्षणों की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

# आयुर्वेद चिकित्सालय और महारानी अस्पताल की आयुष विंग प्रदेश में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब छत्तीसगढ़ शासन के कायाकल्प आयुष कार्यक्रम के अंतर्गत जगदलपुर की दो प्रमुख स्वास्थ्य संस्थाओं ने पूरे प्रदेश में अपना परचम लहराया। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत संचालित इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में जिला आयुर्वेद चिकित्सालय जगदलपुर और महारानी शासकीय आयुष विंग ने अपनी-अपनी श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि संस्थान की स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, भवन रखरखाव सहित परिसर के सौंदर्यीकरण और मरीजों को दी जाने वाली उच्च स्तरीय सेवा गुणवत्ता के कड़े मानकों पर खरा उतरने के बाद हासिल हुई है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए आयोजित सम्मान



समारोह में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने जगदलपुर के इन अस्पतालों द्वारा जनस्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और इसे अन्य जिलों के लिए एक प्रेरणा बताया। इस गरिमामय अवसर पर स्वास्थ्य सचिव श्री अमित कटारिया और आयुष संचालक संतनदेवी जांगड़े भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं, जिनकी उपस्थिति ने इस सम्मान के महत्व को और बढ़ा दिया।

# भक्तमाता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाएगा साहू समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

क्षेत्रीय साहू समाज द्वारा 15 मार्च को तेली-साहू समाज की कुलदेवी भक्तमाता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन स्थानीय सिरहासर भवन में होगा, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे भक्तमाता कर्मा की भव्य शोभायात्रा से होगी। शोभायात्रा के दौरान समाज के लोग भक्तिमय वातावरण में माता के जयघोष के साथ शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे महाआरती और भोग का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12:30 बजे अतिथियों का स्वागत-सत्कार होगा, जबकि दोपहर 1 बजे अतिथि उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों और प्रतिभाओं का सम्मान व पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में दोपहर 2:30 बजे से महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के सभी लोगों के लिए प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता साहू समाज जिलाध्यक्ष करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, महाराजा कमलचंद भंजदेव, महापौर संजय पांडे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि और समाज के पदाधिकारी शामिल होंगे।

# स्वास्थ्य अधोसंरचना में तकनीकी मापदण्डों एवं गुणवत्ता करें अनुपालन : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले में आम जनता को सुलभ और उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन और आयुष विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक बुधवार को आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना के चल रहे निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा कर और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक के दौरान जिले की स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती देने के लिए संचालित कुल 59 निर्माण कार्यों की प्रगति का संज्ञान लेकर कलेक्टर ने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में बन रहे क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक का कार्य 85 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है, जो जल्द ही गंभीर मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित होगा। वहीं कॉलेज परिसर में ही ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है, जिसे अब हैंडओवर करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो पीएचसी छापर भानपुरी, रानसरगीपाल और नैनमुर में अतिरिक्त वार्डों का निर्माण तेजी से चल रहा है, जो वर्तमान में प्लिंथ लेवल तक पहुंच चुका है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जनहित के कार्यों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसी गंभीरता को देखते हुए धीमी प्रगति वाली हमर लैब और फायर फाइटिंग सिस्टम के वर्क ऑर्डर तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। इसके साथ ही ड्रग सेंसिटिविटी टेस्टिंग लैब के निर्माण में विलंब के लिए संबंधित ठेकेदार पर जुर्माना भी आरोपित किया गया है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रुके हुए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें ताकि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके।

